आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-151-● कटनी ● शनिवार, 3 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -9 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

पेपर बैग में मिलेगा पानी

हैदराबाद के आईटी विशेषज्ञ सुनीथ और चैतन्य ने प्लास्टिक कचरे से निपटने पानी के लिए पेपर पाउच बनाया है।

15 घंटे और पांच आतंकी ढेर

नई दिल्ली। इस वर्ष की शुरुआत से अभी तक कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों को 66 आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है। पिछले महीने जून में 11 दहशतगर्द ढेर किए गए थे। सबसे ज्यादा 17 आतंकी अप्रैल के महीने में मारे गए थे। पुलवामा जिले के राजपोरा इलाके में 15 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के पांच दहशतगर्दों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। इनमें जिला कमांडर व एक पाकिस्तानी आतंकी शामिल है। ऑपरेशन में सेना के एक जवान शहीद जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार भी बरामद किए गए हैं यहां मोबाइल इंटरनेट सेवाएं स्थगित की दी गईं थीं।

जगह-जगह लॉकडाउन खुलते ही बाजारों में उमड़ती भारी भीड़ , कोरोना प्रोटोकॉल की उड़ रही धज्जियां

भारी पड़ेगी लापरवाही, टूटते नियम ला सकते तबाही

नई दिल्ली। दुनियाभर में लाखों लोगों की जान ले चुकी कोरोना महामारी से जंग जीतने में इजरायल स्वयं को कोविड मुक्त घोषित करने वाला दुनिया का पहला ऐसा देश बन चुका है, जहां 70 फीसदी से ज्यादा आबादी का वैक्सीनेशन किए जाने के बाद सरकार द्वारा फेस मास्क लगाने के अनिवार्य नियम को हटा दिया गया है। इसके अलावा केवल दो सप्ताह में ही 90 फीसदी से भी ज्यादा व्यस्क आबादी का वैक्सीनेशन करने वाला भूटान, कड़े निर्णयों की बदौलत न्यूजीलैंड, ज्यादातर आबादी का वैक्सीनेशन होने के कारण चीन तथा पूर्ण रूप से वैक्सीनेशन होने के पश्चात् अमेरिका में भी कई जगह मास्क फ्री हो गई हैं। अमेरिका में तो घोषणा भी की जा चुकी है कि जो लोग पूरी तरह से कोविड वैक्सीन लगवा चुके हैं, उन्हें अब अकेले चलते समय, दौड़ते, लंबी पैदल यात्रा या बाइक चलाते समय बाहर मास्क पहनने की आवश्यकता नहीं है। भारत में अभी करीब एक अरब लोग वैक्सीनेशन से बचे हैं, अब तक करीब 25 करोड़ लोगों को पहली खुराक मिली है जबकि 5 करोड़ के कुछ ज्यादा लोगों को ही दोनों खुराक। वैक्सीन की उपलब्धता में कमी के कारण धीमी गति से हो रहे वैक्सीनेशन से चलते अभी उपरोक्त देशों की भांति

कोरोना महामारी से लड़ाई में जीत की घोषणा करने में भारत को लंबा समय लगेगा। ऐसे में समझदारी इसी में है कि कोरोना महामारी से अपनी और अपने परिजनों की सुरक्षा के लिए तमाम एहतियाती कदम उठाए जाएं। भले ही अब दूसरी लहर का प्रकोप बेहद कम हो गया है लेकिन जिस प्रकार कोरोना की दूसरी लहर ने भारत में कहर बरपाया और अगले कुछ महीनों में तीसरी लहर का आना भी तय माना जा रहा है, ऐसे में कोरोना से मौतों को रोकने के लिए स्वास्थ्य ढ़ांचे को तीसरी लहर से निपटने के लिए तैयार करने के साथ-साथ लोगों को भी कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए सचेत रहना होगा। जगह-जगह लॉकडाउन खुलते ही बाजारों में उमड़ती भारी भीड़ तथा हर कहीं कोरोना प्रोटोकॉल के टूटते नियमों को देखते हुए कोरोना की अगली लहर को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने तो इसका स्वत: संज्ञान लेते हुए इन हालात पर गहरी चिंता जताते हुए कहा भी है कि अगर ऐसे ही सब चलता रहा तो कोरोना की तीसरी लहर को बढ़ावा मिलेगा और फिर भगवान ही हमें बचा पाएगा।

लॉक डाउन में लापरवाह हुए लोग, खतरनाक हैं संकेत

केन्द्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के विजय राघवन के अनुसार भारत में कोरोना वायरस के संक्रमण की इतनी भीषण और लंबी दूसरी लहर की तीव्रता का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सका था। उनके मुताबिक ऐसी दूसरी लहर प्राय: पहले की तुलना में छोटी होती है और ऐसी ही दूसरी लहर की उम्मीद थी लेकिन कई छोटी-छोटी चीजों ने मिलकर इसे बड़ा बना दिया।

फटाफट खबरें



मंत्री उषा ठाकुर पर आरोप लगाने वाला वनकर्मी निलंबित

इंदौर। पर्यटन मंत्री एवं महू की विधायक उषा ठाकुर पर वन विभाग के महू सबरेंज कार्यालय से अपने समर्थक की गाड़ी छुड़वाने का आरोप लगाने वाले वनकर्मी आरएस दुबे को वन विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। इसका कारण आउट आफ टर्न प्रमोशन के लिए फर्जी दस्तावेज लगाना बताया गया है। इसकी शिकायत अप्रैल में हुई थी। जांच कराने के बाद डीएफओ ने कार्रवाई की है। वहीं वनकर्मी के मुताबिक प्रमोशन पांच सदस्यीय एपीसीसीएफ की कमेटी ने दिया था। मुझे मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने की सजा मिली है। दुबे पर चार प्रकरणों में भी जांच कराई गई है।

वीडियो रिकार्ड कर आर्ट डायरेक्टर राजू ने की आत्महत्या

मुंबई। राजधानी एक्सप्रैस, मान्या द वंडर बॉय जैसी फिल्मों के आर्ट डायरेक्टर राजू (राजेश) सासे ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने आत्महत्या करने से पहले एक वीडियो रिकॉर्ड किया था। इस वीडियो में उन्होंने आत्महत्या करने के पीछे की वजह बताई है। इस वीडियो में उन्होंने लेबर यूनियन से जुड़े राकेश मौर्य पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

250 कर्मचारियों के अटैचमेंट मामले में आईपीएस शर्मा को चार्जशीट

भोपाल। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पुरुषोत्तम शर्मा को 250 अधिकारियों कर्मचारियों के नियम विरुद्ध अटैचमेंट के मामले में चार्जशीट थमा दी गई है। आरोप है कि लोक अभियोजन के डायरेक्टर के पद पर पदस्थ रहते हुए पुरुषोत्तम शर्मा आईपीएस ने 250 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नियम विरुद्ध अटैचमेंट किए थे। श्री शर्मा अपनी पत्नी से विवाद के एक मामले में वीडियो वायरल हो जाने के कारण निलंबित कर दिए गए थे।

विधायकों से ही तय होगा उत्तराखंड का नया सीएम

नई दिल्ली। संवैधानिक कारण से तीरथ सिंह रावत को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। अब आज शनिवार को शाम विधायक दल की बैठक होगी और नए नेता का चुनाव किया जाएगा। इसके साथ ही संभावित नामों की चर्चा भी शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत, राज्यमंत्री डॉ.धन सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल, पुष्कर सिंह धामी में किसी को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इनके अलावा महिला दावेदार के रूप में भाजपा विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूड़ी की बेटी ऋतु खंडूड़ी और राज्यमंत्री रेखा आर्य के नाम सबसे आगे हैं। त्रिवेंद्र सिंह रावत को दोबारा सत्ता सौंपने की चर्चाए भी तेज हैं। प्रदेश की कमान संभालने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ.रमेश पोखरियाल निशंक और राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी को मजबूत दावेदारों के तौर पर देखा जा रहा है। नरेन्द्र सिंह तोमर यहां के पर्यवेक्षक होंगे।

राफेल सौदे में कथित भ्रष्टाचार की जांच के लिए फ्रांस तैयार

नई दिल्ली। फ्रांस के साथ हुए भारत के राफेल सौदे को लेकर फ्रांस की सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। भारत के साथ करीब 59 हजार करोड़ रुपये के राफेल सौदे में कथित भ्रष्टाचार की अब फ्रांस में न्यायिक जांच होगी। इस जांच के लिए एक फ्रांसीसी जज को नियुक्त किया गया है। फ्रांसीसी मीडिया जर्नल मेडियापार्ट की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया कि साल 2016 में दोनों देशों के बीच हुई इस डील की अत्यधिक संवेदनशील जांच औपचारिक तौर पर 14 जून से शुरू हो गई थी। बता दें कि फ्रांसीसी वेबसाइट ने अप्रैल 2021 में राफेल सौदे के कथित अनियमितताओं को लेकर कई रिपोर्ट प्रकाशित की थीं। मेडियापार्ट ने दावा किया कि फ्रांस की सार्वजनिक अभियोजन सेवाओं की वित्तीय अपराध शाखा के पूर्व प्रमुख, इलियाने हाउलेट ने सहयोगियों की आपत्ति के बावजूद राफेल सौदे में भ्रष्टाचार के सबूतों की जांच को रोक दिया था। रिपोर्ट में कहा गया कि हाउलेट ने फ्रांस के हितों, संस्थानों के कामकाज को संरक्षित करने के नाम पर जांच को रोकने के अपने फैसले को सही ठहराया था। इसके अलावा मेडियापार्ट की नई रिपोर्ट में कहा गया कि अब पीएनएफ के नए प्रमुख जीन-फ्रेंकोइस बोहर्ट ने जांच के समर्थन का फैसला किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि आपराधिक जांच तीन लोगों के आसपास के सवालों की जांच करेगा। इसमें पूर्व राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद (सौदे पर हस्ताक्षर किया था), वर्तमान फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन (तत्कालीन वित्त मंत्री) और विदेश मंत्री जीन-यवेस ले ड्रियन, जो उस समय रक्षा विभाग संभाल रहे थे। बता दें कि साल 2016 में भारत सरकार ने फ्रांस से 36 राफेल विमानों का सौदा किया था, जिसके तहत एक दर्जन राफेल विमान भारत को मिल भी गए हैं। जिस समय ये डील हुई थी, उस समय भारत में काफी विवाद हुआ था।



जज की हुई नियुक्ति

भरा देश का खजाना: रिकॉर्ड ऊंचाई पर विदेशी मुद्रा भंडार

नई दिल्ली। 25 जून 2021 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.066 अरब डॉलर बढ़कर 608.999 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े के मुताबिक 18 जून को समाप्त इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.418 अरब डॉलर की कमी के साथ 603.933 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के मुताबिक 25 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि की वजह विदेशी मुद्रा संपत्तियों (एफसीए) में हुई बढ़ोतरी है जो समग्र भंडार का एक प्रमुख घटक है। इस दौरान एफसीए 4.7 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 566.24 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के लिहाज से बताई जाने वाली विदेशी मुद्रा संपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी शामिल होता है। आंकड़े के मुताबिक इस दौरान सोने का भंडार 36.5 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 36.296 अरब डॉलर हो गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास मौजूद विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.498 अरब डॉलर पर कोई बदलाव नहीं हुआ।

सीएम शिवराज ने किया 55 गोदामों का लोकार्पण, 114 गोदामों का शिलान्यास

नई दिल्ली।

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सहकारिता दिवस के अवसर पर सीएम ने सहकारिता के माध्यम से बेहतर पुनर्निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इस दौरान उनके साथ सहकारिता और लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डाक्टर अरविंद सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे। सीएम ने 55 गोदामों का लोकार्पण और 114 गोदाम बनाने का शिलान्यास किया। इसके बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम शिवराज ने सहकारी समितियों के सदस्यों और किसानों से संवाद किया। सीएम संवाद करते हुए इंदौर के रामनारायण ने बताया हमारी संस्था आलू का संग्रह करती है। कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था है। अधिकारियों का पूरा सहयोग सतत मिलता रहता है। विदिशा से मुकेश कुमार शर्मा ने बताया, आत्म निर्भर भारत योजना अंतर्गत संस्था को एक करोड़ 44 लाख का लोन मिला है। इसका काम 6 माह में पूरा कर लेंगे। मंत्री अरविंद भदौरिया ने कहा कि सहकारिता के तत्व हमारी गरिमामय संस्कृति में बिखरे हुए हैं। सहकारिता हमारे देश की आत्मा में है। आत्म निर्भर मध्य प्रदेश का जो सपना संजोया है। इस दृष्टि से क्या बेहतर प्रयास हो सकते हैं। मध्य प्रदेश प्रकृति, पर्यावरण, पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। पर्यटन के क्षेत्र में सहकारिता के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने प्रयास किए जा रहे हैं।

सीएम के विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता ने कर दिया पुल का उद्घाटन

बुदनी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की बुदनी विधानसभा क्षेत्र में पुल का उद्घाटन पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता ने करके नए विवाद को जन्म दे दिया। सज्जन सिंह वर्मा पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दरअसल, दो दिन पहले नसरूल्लागंज इलाके में सीप नदी पर बने पुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को करना था, लेकिन कांग्रेस नेता व पूर्व पीडब्लूडी मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने काट दिया है। वर्मा ने कहा कि मेरे ऊपर एक नहीं 10 एफआईआर कर देना, लेकिन हमारे जनहित के काम रुकने वाले नहीं हैं। बुदनी विधानसभा क्षेत्र के लोग हजारों की तादाद में जमा होकर इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

बिहार से उज्जैन जा रहे भाजपा नेताओं की कार ट्रैक्टर से टकराई, दो की मौत

दमोह। दमोह के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर चौकी के समीप ग्राम घाट पिपरिया लालघाटी के बीच बिहार से आ रही भाजपा नेताओं की कार की टक्कर ट्रैक्टर से हो गई। जिससे कार में सवार करीब 6 लोग बुरी तरह घायल हो गए। ट्रैक्टर सवार भी घायल हो गए। घायलों की चींख पुकार सुनते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को तत्काल इलाज के जिला अस्पताल लाया गया। दोनों ही वाहनों के सवारों को मिलाकर 10 लोग घायल हुए। इसमें से दो घायलों को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और बाकी घायलों को जबलपुर रेफर किया गया। जिसमें बिहार के किसान मोर्चा के भाजपा नेता गुड्डू पिता मोगा लाल शाह 32 निवासी बेगमपुर बिहार की मौत हो गई। तो वहीं आकाश सिंह पिता स्व उधम सिंह 30 निवासी आरा वार्ड 45 बिहार, ओंकार 35 , बाला यादव, कुंदन कुमार, अमावस राम की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर मनीष पलंदी ने इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। घटना देररात की बताई जा रही है।

यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए मतदान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 53 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का बहुप्रतिक्षित चुनाव आज हो रहा है। 45 जिलों में भाजपा का सपा से सीधा मुकाबला है। वहीं दोनों प्रमुख दल 4 जिलों में त्रिकोणीय और 3 जिलों में चतुष्कोणीय मुकाबले के बीच फंसे हुए हैं। वहीं, कुल 75 में से 21 जिलों में भाजपा और एक में सपा के उम्मीदवार नामांकन वापसी के अंतिम दिन ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। बचे हुए 53 जिलों में आज 11 बजे से चुनाव हो रहे हैं, जिसके बाद दोपहर तीन बजे से मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

जज ने ग्रामीणों के सामने लगवाई वैक्सीन

नीमच। कोविड वैक्सीन को लेकर भ्रम की बात सामने आ रही हैं, लेकिन इस भ्रम को खत्म करने के लिए भी कुछ लोगों ने बीड़ा उठा लिया है। नीमच जिले के चेनपुरा गांव में जज सुषमा त्रिपाठी ने ग्रामीणों का भ्रम दूर करने के लिए उनके सामने वैक्सीन लगवाई, इसके बाद गांव वाले इसे लगवाने को राजी हो गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच में यह खबर पहुंची थी कि ग्राम चेनपुरा के ग्रामीण कोविड वैक्सीन लगवाने के लिए तैयार नहीं हैं। इस पर जज महेश त्रिपाठी और जज सुषमा त्रिपाठी स्वास्थ्य अमले के साथ चेनपुरा पहुंचे और कुछ युवाओं और उम्र दराज लोगों से बात कर उन्हें वैक्सीन लगवाने के लिए जागरुक किया। इस दौरान जज सुषमा त्रिपाठी के सामने एक महिला ने कहा कि मैं वैक्सीन नहीं लगवाऊंगी, मैं मर जाऊंगी बीमार हो जाऊंगी, महिला बोली वैक्सीन लगाने से लोग मर रहे हैं। ऐसे ही ग्राम के नारायण बोले अरे साहब मर जाएंगे इसलिए वैक्सीन नहीं लगवाएंगे। उनकी इस बातों को सुन जज चौक गईं और उन्होंने कहा कि देखिए मैं आपके सामने ही वैक्सीन लगवाऊंगी तो आप भी लगवा लोगे, तो फिर ग्रामीण इस पर तैयार हो गए। फिर जज सुषमा त्रिपाठी ने ग्रामीणों के सामने ही वैक्सील गवाया, जिसके बाद ग्रामीणों का भ्रम दूर हुआ और उन्होंने भी इसे लगवाया।

खुदरा-थोक व्यापारियों को MSME का दर्जा, पीएम ने बताया ऐतिहासिक

नई दिल्ली। मप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुदरा और थोक व्यापार को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) के दायरे में लाने के निर्णय को ऐतिहासिक कदम बताया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार इस समुदाय को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। खुदरा एवं थोक व्यापार को एमएसएमई के तहत लाने के फैसले के कारण खुदरा और थोक व्यापारियों को भी बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों से प्राथमिकता प्राप्त श्रेणी में ऋण उपलब्ध हो सकेगा। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नितिन गडकरी ने खुदरा और थोक व्यापार को एमएसएमई के तहत लाने की घोषणा की थी। इससे ये क्षेत्र रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप बैंकों की प्राथमिकता प्राप्त श्रेणी के तहत ऋण का लाभ उठा सकेंगे।

रोचक तथ्यों के साथ 12 जुलाई से शुरू होगी जगन्नाथ रथ यात्रा

धर्म डेस्क। हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रतिवर्ष उड़ीसा में आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को यानी इस वर्ष 12 जुलाई से शुरू हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा का समापन 20 जुलाई को होगा। हिन्दू धर्म में ये बेहद ही पवित्र त्योहार माना जाता है इसलिए हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया जाता है। कहते हैं कि इस यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ साल में एक बार प्रसिध्द गुंडिचा माता के मंदिर में जाते हैं। इस दौरान भगवान को ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा के दिन 108 पानी के घड़ों से स्नान कराया जाता है, और जिस कुंए से पानी निकाला जाता है उस कुंए को दोबारा ढंक दिया जाता है अर्थात् वह कुंआ साल में सिर्फ एक ही बार खोला जाता है।

भगवान की प्रतिमा का निर्माण

जगन्नाथ पुरी की रथ यात्रा देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में विख्यात है। हर साल भगवान जगन्नाथ सहित बलभ्रद और सुभद्रा की प्रतिमाएं नीम की लकड़ी से बनाई जाती हैं, इस साल भी ये प्रतिमाएं नीम की लकड़ी से बनाई जाएंगी। इस दौरान रंगों का भी विशेष ध्यान दिया जाता है। भगवान जगन्नाथ जी का रंग सांवला होने के कारण नीम की उसी लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है जो सांवले रंग में छिप जाए। वहीं दूसरी ओर भगवान जगन्नाथ के भाई-बहन का रंग गोरा होता है इसलिए उनकी मूर्तियों को हल्के रंग की नीम की लकड़ी का प्रयोग कर उन्हे बनाया जाता है।

खास तरह से होता है रथ का निर्माण



पुरी में जब रथ यात्रा निकाली जाती है तो समस्त भक्तों की नजरें उस रथ पर टिकी होती हैं और सभी इस दौरान भगवान से आशीष प्राप्त करते हैं। इन तीनों रथों का निर्माण एक खास तरह से किया जाता है। इनका आकार अलग-अलग होता है। ये रथ नारियल की लकड़ी से बनाए जाते हैं। भगवान जगन्नाथ का रथ अन्य रथों की तुलना में बड़ा होता है और इसका रंग लाल पीला होता है। रथ यात्रा के दौरान सबसे पहले सुभद्रा का रथ होता है उसके बाद बलभद्र का और फिर अंत में भगवान जगन्नाथ का रथ होता है। हर साल पुरी में आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाती है। भगवान जगन्नाथ के रथ को नंदीघोष कहते हैं जिसकी ऊंचाई 45.6 फुट होती है। इसके बाद बलराम का रथ आता है जिसका नाम ताल ध्वज होता है इसकी ऊंचाई 45 फुट होती है। वहीं सुभद्रा का दर्पदलन रथ 44.6 फुट ऊंचा होता है। अक्षय तृतीया से नए रथों का निर्माण आरंभ हो जाता है। बता दें कि हर साल नए रथों का निर्माण होता है। खास बात तो यह है कि इन रथों को बनाने में किसी भी प्रकार की कील या अन्य किसी धातु का प्रयोग नहीं होता है।

ग्राम पंचायत पटना में भी हुआ शत-प्रतिशत कोरोना वेक्सीनेशन

विजयराघवगढ़ जनपद के 3 ग्रामों में सौ फीसदी वेक्सीनेशन

कटनी। जिले में ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा और पटौंहा के बाद अब बहोरीबंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पटना भी शत्-प्रतिशत वेक्सीनेशन वाली ग्राम पंचायतों में शामिल हो गई है। वेक्सीनेशन महा-अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुये ग्राम पंचायत पटना में कोरोना संक्रमण से बचाव की इस लड़ाई में पंचायत के पात्र ग्रामीणों ने शतप्रतिशत कोविड टीकाकरण कराकर ग्राम पंचायत को सुरक्षा का कवच प्रदान किया है। ग्रामीणों की जागरुकता और प्रशासनिक अमले की मेहनत का ही परिणाम रहा कि पहले जहां 26 जून को रीठी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पिपरिया परौहा, 28 जून को ग्राम पंचायत पटौंहा में शत्-प्रतिशत व्यक्तियों के कोविड वेक्सीनेशन वाली ग्राम पंचायतें बनी हैं। वहीं टीम भावना के साथ काम करने का सार्थक परिणाम पटना ग्राम पंचायत में भी सामने आया। बहोरीबंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पटना जिले की ऐसी तीसरी ग्राम पंचायत बनी है, जहां पात्र सौ फीसदी व्यक्तियों कोरोना से बचाव के लिये टीका लगाया जा चुका है। तहसीलदार विजय द्विवेदी ने जानकारी देते हुये बताया कि बहोरीबंद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पटना में पात्र सभी लोगों का टीकाकरण 1 जुलाई गुरुवार को पूरा हुआ। ग्राम पंचायत पटना में मतदाता सूची के अनुसार 1690 मतदाताओं की संख्या है। इनमें 18 वर्ष से अधिक आयु के 1227 व्यक्ति वेक्सीनेशन के लिये पात्र हैं। 1690 में से 41 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं 56 गर्भवती महिलायें, 69 विवाहित पुत्रियां, 58 गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं। 239 स्थायी रूप से ग्राम से बाहर हैं। शेष बचे 1227 नागरिकों का वेक्सीनेशन शतप्रतिशत किया जा चुका है। इसके साथ ही जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के भी तीन गांव शतप्रतिशत टीकाकरण युक्त गांव हो चुके हैं। एसडीएम विजयराघवगढ़ प्रिया चन्द्रावत ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्राम पंचायत हरदुआ कला के ग्राम हरदुआ खुर्द, ग्राम पंचायत टिकरिया के ग्राम परसरवारा और ग्राम पंचायत बंजारी के ग्राम धनेड़ी में एक जुलाई को सौ फीसदी पात्र लोगों का वेक्सीनेशन कराया जा चुका है। इस तरह विकासखण्ड के तीन गांव हरदुआ खुर्द, धनेड़ी और परसवारा शत्-प्रतिशत वेक्सीनेटेड गांव में हो गये हैं। तीनों ही गांवों में सौ प्रतिशत वेक्सीनेशन का लक्ष्य ग्रामीणों की जागरुकता, प्रशासनिक अमले की मेहनत के परिणाम हैं। इस कार्य में संयुक्त रुप से ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व और महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले ने सक्रियता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर ग्रामीणों को प्रेरित किया और वेक्सीनेशन कराया।

लक्ष्य से ज्यादा लगे टीके

कटनी। उपस्वास्थ केंद्र ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द जनपद कटनी के कोविड टीकाकरण शिविर में 100 लक्ष्य के अनुरूप 104 लोगो टीकाकरण किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद कटनी जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केशवाल, ब्लॉक कोर्डिनेटर बालमुकुंद मिश्रा, मेंटर नेहा मैडम ने ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द पहुंचकर टीकाकरण अभियान को गति दी। कोरोना वालेंटियर से शिवप्रकाश चक्रवर्ती, आकाश दुबे, अमित बड़गैयां, बहन कुरूस्वेता बड़गैयां, आदित्य बड़गैयां सहित जन अभियान परिषद की पूरी टीम ने इस टीकाकरण के महाअभियान में सहयोग प्रदान किया।

90 वर्षीय जगरानी ठाकुर ने कराया टीकाकरण

पात्र नागरिकों से भी की वेक्सीनेशन कराने की अपील

कटनी। जिले में कोरोना संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत वेक्सीनेशन महा-अभियान संचालित है। इस अभियान में जिले के नागरिक जहां कोरोना से बचाव का अपना सुरक्षा कवच पाने जागरुक होकर वेक्सीनेशन करा रहे हैं। वहीं शासन-प्रशासन स्तर पर भी प्रत्येक पात्र व्यक्ति का टीकाकरण सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके लिये निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थायें भी वेक्सीनेशन कराने के लिये आ रहे नागरिकों के लिये की जा रही हैं। वेक्सीनेशन के इस महा-अभियान में नागरिक भी बढ़ चढ़कर अपना सहयोग दे रहे हैं। हर वर्ग के लोग आगे आकर वेक्सीनेशन करा रहे हैं और दूसरों को भी वेक्सीनेशन कराने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। गतदिवस सेवा भारती सरस्वती विद्यालय में संचालित टीकाकरण केन्द्र में 90 वर्षीय जगरानी ठाकुर ने भी पहुंचकर अपना वेक्सीनेशन कराया। बुजुर्ग जगरानी ने बताया कि उनके पुत्र हरि सिंह ठाकुर, लोक निर्माण विभाग कटनी में कार्यपालन यंत्री के पद पर कार्यरत हैं। हरि सिंह ने जानकारी दी कि कोरोना टीकाकरण को लेकर वृहद् स्तर पर वेक्सीनेशन महा-अभियान संचालित किया जा रहा है। जिस पर जगरानी ने भी वेक्सीनेशन कराने की निश्चय किया और अपना टीकाकरण कराया। उन्होने टीकाकरण केन्द्र में की गई व्यवस्था की सराहना की। वेक्सीनेशन महा-अभियान में सभी पात्र नागरिकों से भी वेक्सीनेशन कराने की अपील जगरानी ने अपने सन्देश में की है।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित किये गए13 टीकाकरण केन्द्र

कटनी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि जिले में वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत को-वेक्सीन के सेकेण्ड डोज के टीकाकरण के लिये विशेष कैम्पेन चलाया जायेगा। आज 3 जुलाई शनिवार को जिले में निर्धारित किये गये 13 टीकाकरण केन्द्रों में को-वेक्सीन की सेकेण्ड डोज का वेक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके लिये जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्सीनेशन सेन्टर्स निर्धारित कर लिये गये हैं। जिन्होने को-वेक्सीन की फर्स्ट डोज लग वाई है और उनकी निर्धारित अवधि पूरी हो गई है, वे 3 जुलाई को अपने आधार कार्ड या अन्य कोई शासन द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र और रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर के साथ अपने नजदीकी केन्द्रों में पहुंचकर को-वेक्सीन का सेकेण्ड डोज लगा सकते हैं। 3 जुलाई के लिये कटनी शहरी क्षेत्र में 4 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। जिनमें पुरानी कचहरी

परिसर कटनी, सेवा भारती स्रस्वती स्कूल कटनी, तिलक कॉलेज कटनी, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखेरा में को-वेक्सीने के द्वितीय डोज के लिये वेक्सीनेशन सत्र आयोजित होंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी 9 टीकाकरण केन्द्र को-वैक्सीन के सेकेण्ड डोज के लिये निर्धारित किये गये हैं। इन केन्द्रों शासकीय माध्यमिक शाला बरही, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाड़ी, कन्या शाला रीठी, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल उमरियापान, उत्कृष्ट विद्यालय विजयराघवगढ़, एसीसी स्कूल कैमोर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहोरीबंद और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा में भी को-वेक्सीन का द्वितीय डोज के लिये टीकाकरण सत्र आयोजित होंगे।

रीठी में केक काटकर मनाया डाक्टर्स डे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में हुआ आयोजन

रीठी/कटनी। डाक्टर्स को धरती का दूसरा भगवान कहा गया हैए और यह कहावत कोरोना काल में चरितार्थ भी हुई है। सवा साल में हजारों लोगों को डाक्टर्स ने दूसरा जीवन दिया है। 1 जुलाई डाक्टर्स डे संपूर्ण देश के साथ-साथ रीठी में भी मनाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रीठी में पदस्थ कर्मचारीयों द्वारा प्रभारी बीएमओ डाक्टर बबीता सिंह एवं आयुष चिकित्सक डाक्टर संध्या सिंह का पुष्पगुच्छ से सम्मानित करते हुए केक काटकर डाक्टर्स डे मनाया गया। इस दौरान शशिकान्त साहू, जागेश्वर राज, निकेश कंदेले, देवेन्द्र राय, जीतमल भारती, लाड़ले पटेल, राघवेंद्र त्रिपाठी, देवकरण, रिंकू कश्यप, प्रियंका पटेल, कल्पना खान, सिया बाई रैदास, ममता यादव, चेतना तरूर, पल्लवी बैष्णों, भारती धामगाय, प्रिया महरा, इन्द्रवती सहित अस्पताल के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर निगम का काम किया पुलिस जवान ने, भरे सड़क के गड्ढे

कटनी। जिले कि यातायात पुलिस आजकल पूरी मेहनत से काम करती हुए नजर आने लगी है। दरअसल कटनी जिले में जब से पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने कदम रखा है, तब से ही शहर की यातायात सेवाओ पर विशेष जोर देते आ रहे है उसी का नतीजे कटनी जिले वासियो के सामने आने लगे है। आज शहर में वीआईपी ड्यूटी के दौरान मुख्य मार्ग पर गड्डों को मिट्टी से भरते हुए यातायात जवान की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। जो काम नगर निगम को करना चाहिए था वह काम पुलिस के जवान ने किया। इस कर्तव्यपरायणता को देख आने जाने वालों के मन मे कटनी यातायात पुलिस के प्रति सम्मान बढ़ गया।

ढीमरखेड़ा सिविल न्यायालय में रक्तदान शिविर

शिविर में 41 रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

कटनी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसारए जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 2 जुलाई को सिविल न्यायालय ढीमरखेड़ा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कटनी जिले में रक्तदान शिविर का शुभारंभ 26 जून को प्रशासनिक न्यायमूर्ति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा वीडियो कांफ्रेंन्सिंग के माध्यम से किया गया था। शुक्रवार को तहसील न्यायालय ढीमरखेड़ा में रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुये व्यवहार न्यायाधीश-1 सीएस सैयाम, एसडीएम ढीमरखेड़ा सपना त्रिपाठी, तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे ने रक्तदान किया। इसके साथ ही तहसील ढ़ीमरखेड़ा के अभिभाषकगण, तहसील सिविल न्यायालय के कर्मचारियों ने भी इस रक्तदान शिविर में सहभागिता करते हुये रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में ब्लड कलेक्शन एण्ड ट्रान्सपोर्टेशन वैन के अतिरिक्त 5 बैड्स की व्यवस्था भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ढीमरखेड़ा में रक्तदाताओं के लिये की गई। इस शिविर में पैनल अधिवक्ता, पीएलव्ही एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ 41 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

40 दिनों में खुले 31 हजार 904 खाते

बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना,कलेक्टर एवं महिला बाल विकास अधिकारी का डाक टिकट जारी

कटनी। जिले के लिये अच्छी खबर है। कटनी जिला प्रशासन के बेहतर प्रयासों से जिले ने सुकन्या समृद्धि योजना के क्रियान्वयन में सफलता अर्जित की है। कटनी जिला सबसे अधिक सुकन्या खाते खोलकर वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ रहा है। इस उपलब्धि के लिये भारतीय डाक विभाग द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह का फोटोयुक्त डाक टिकिट भी जारी किया गया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में पोस्ट मास्टर कटनी नारायण सिंह और सहायक अधीक्षक आर.आर. पटेल ने यह डाक टिकिट कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को सौंपा है। साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिये शुभकामनायें भी प्रेषित की हैं। इसके पूर्व भी मई माह में जबलपुर संभाग के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी.एन. पाण्डेय ने इस उपलब्धि के लिये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को डीईओ लैटर लिखा था। साथ ही पूरी टीम को इस कार्य के लिये शुभकामनायें भी प्रेषित की गई थी। उल्लेखनीय है कि जिले में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशों पर 22 फरवरी से 31 मार्च 2021 तक महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिले की पात्र बेटियों के नाम डाकघरों में भारतीय डाक विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाफके समन्वय से सुकन्या समृद्धि खाता खोलने की कार्यवाही की गई। 22 फरवरी से 31 मार्च 2021 तक चलाये गये व्यापक अभियान के सार्थक परिणाम सामने आये और जिले में 31 हजार 904 पात्र बेटियों के नाम से सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाये गये। कटनी जिले में खुले खातों की संख्या प्रदेश में नंबर एक पर रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग नयन सिंह ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अकाउन्ट खोलने के लिये जिले में कार्ययोजना बनाकर कार्य किया गया था। जिसके तहत 40 दिनों में ही 31 हजार 904 बालिकाओं के खाते खोले गये। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला इस काम में मुस्तैदी से जुटा। प्रत्येक बालिका का खाता 250 रुपये से खोला गया। इसमें खास बात यह भी रही कि 1856 ऐसी बालिकाओं जिनके अभिभावक के पास पैसे नहीं थे, उनकी राशि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने स्वेच्छा से अपनी ओर से जमा कराई थी।

17 अधिकारी-कर्मचारियों के कामकाज में फेरबदल

कटनी। प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे नें नगर निगम कटनी में कार्यरत 17 अधिकारियों कर्मचारियों को नवीन दायित्वों का आबंटन किया जाकर विभागाध्यक्ष के संपूर्ण अधीक्षण एवं नियंत्रण के अधीन नियमानुसार कार्य संपादन हेतु निर्देशित किया है। जारी आदेशानुसार अनिल शर्मा सहा.ग्रेड -2 को नगर निगम जोन क्रमांक 02 खिरहनी कार्यालय में जोन प्रभारी के निर्देशन में सौपें गए दायित्वों का निर्वहन, विजय शर्मा सहा.ग्रेड-2 को वर्तमान दायित्वों से मुक्त किया जाकर संपदा शाखा में पूर्ववत् लिपिकीय दायित्वों का निर्वहन, आशीष बिलैया सहायक ग्रेड-3 को कार्यपालन यंत्री/सहायक यंत्री, उपयंत्री, विद्युत के निर्देशन मे विद्युत शाखा से संबंधित कार्यो का निर्वहन तथा विद्युत गेंग को रवाना करना,आवश्यक विद्युत सामग्री की व्यवस्था करना एवं सडक प्रकाश व्यवस्था से संबंधित कार्यवाहियों का निष्पादन करना, नवल किशोर गुमास्ता समयपाल को लोक निर्माण विभाग के दायित्वों से मुक्त होकर सामान्य प्रशासन विभाग में आवक शाखा में डाक प्राप्त करनें का दायित्व प्रदान किया गया है। श्रीमती नीलम झा सहायक राजस्व निरीक्षक को लोक निर्माण शाखा में वार्ड क्रमांक 1 से 11 तक समस्त निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री अधोसंरचा विकास योजना के लिपिकीय कार्य तथा लोनिवि के वेतन पत्रक तैयार करना,सामान्य प्रशासन विभाग में कार्यालय अघीक्षक के निर्देशन में लिपिकीय दायित्वों का निर्वहन, श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय सहा.रा.नि. को प्रभारी अधिकारी राजस्व के निर्देशन में राजस्व/संपत्तिकर शाखा में सौपें गए दायित्वों को निर्वहन, महेश खरे सहा.रा.नि. को वर्तमान दायित्वों के साथ - साथ प्रभारी अधिकारी राजस्व के निर्देशन में राजस्व एवं संपत्तिकर शाखा में सौपें गए दायित्वों का निर्वहन, सुशील सोनी सहा.रा.नि. को विद्युत विभाग से दायित्वों से मुक्त करते हुए राजस्व विभाग/संपत्तिकर में प्रभारी अधिकारी राजस्व के निर्देशन में सौपे गए दायित्वों का निर्वहन करनें सहित 4 भृत्यों एवं 5 फिक्स वेतन कर्मचारियों को भी नवीन दायित्वों का आबंटन किया जाकर आबंटित विभाग में तत्काल उपस्थित होकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें के निर्देश प्रदान किये है।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे — D.ORTHO, DNB — कटनी के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. कनिका अग्रवाल — MBBS., DDV — पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुंबई त्वचा एवं सौन्दर्य रोग विशेषज्ञ — मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को उपलब्ध
डॉ. जाकिर हुसैन — MBBS. MD. DM. — मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ — महिने के पहले रविवार को उपलब्ध
डॉ. अनिमेश गुप्ता — MBBS. MD. DM. — हृदय रोग विशेषज्ञ — महिने के चौथे शनिवार को उपलब्ध
24x7 दवाईयाँ एम्बुलेंस कैंटीन पार्किंग

उपलब्ध विभाग
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी

हेल्पलाईन नं.8982275111

उपलब्ध सुविधायें
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 03 जुलाई 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा

कटनी। जिले में वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये आपदा प्रबंधन की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आपदा प्रबंधन की तैयारियों का विस्तार से रिव्यू बैठक में किया। इस दौरान उन्होने आवश्यक दिशा.निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में श्री मिश्रा ने आपदा प्रबंधन को लेकर पूर्व में आयोजित हुई बैठक के पालन प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होने सभी संबंधित विभागों को दिये गये निर्देशों और निर्देशों के प्रतिपालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटो सहित अपर कलेक्टर को उपलब्ध कराने के आदेश दिये। बैठक में अतिवर्षा की स्थिति में जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्रभावित होने वाले स्थानों की जानकारी ली। उन्होने समय पूर्व इन स्थानों में सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिये। नगरीय क्षेत्र की व्यवस्थाओं का रिव्यू बैठक में कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त से किया। अतिवर्षा की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में समय रहते दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिये। उन्होंने समस्त एसडीएम को अपने.अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि समय रहते ही सारी तैयारियां पूरी करें।

तीसरी लहर से निपटने की जा रही तैयारियों

आपदा प्रबंधन की बैठक में कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से निपटने की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा कलेक्टर ने की। उन्होने जिला अस्पताल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अपग्रेड की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का रिव्यू किया। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश सिविल सर्जन और सीएमएचओ को दिये। जिला अस्पतालए सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ एवं अन्य सीएचसी में होने वाले कन्स्ट्रक्शन कार्य का रिव्यू करते हुये क्रियान्वयन एजेन्सी को तेजी से कार्य पूरा करने के लिये भी कलेकटर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया।

टीकाकरण की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में श्री मिश्रा ने जिला अस्पताल में स्थापित होने वाले ऑक्सीजन जनरेटर प्लान्ट, एम्बुलेन्स प्रबंधन, पोस्ट कोविड वॉर्ड, बच्चों के कोविड वॉर्ड और कोरोना टीकाकरण की तैयारियों की समीक्षा करते हुये आवश्यक निर्देश दिये। वहीं अतिवर्षा सहित अन्य आपदाओं की स्थिति में बेहतर कम्युनिकेशन के लिये तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय और कलेक्टर कार्यालय की कनेक्टिविटी बेहतर बनाने की दिशा में काम करने को कहा। उन्होने कहा कि स्वॉन कनेक्टिविटी भी बेहतर हो। बैठक में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो और नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र सिंह धाकरे सहित समस्त अनुविभाग क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

वर्षा ऋतु के पहले बड़े नालों की सफाई, वार्ड दरोगा को दिये निर्देश

कटनी। नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने एवं आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था के संबंध में निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा आज दोपहर 4 बजे स्वास्थ्य विभाग के दरोगाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान किये गए। बैठक के दौरान प्र.सहा.यंत्री सुनील सिंह, अनिल जायसवाल,प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, एम.एल.निगम तेजभान सिंह सहित वार्ड दरोगाओं के उपस्थिति रही।

निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित समस्त दरोगाओं का परिचय नवायुक्त प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी से कराते हुए दरोगाओं के प्रभार वाले वार्डो की जानकारी चाही जाकर दो वार्डो के प्रभार वाले दरोगाओं को नगर की सफाई व्यवस्था की सुविधा की दृष्टि से एक वार्ड अथवा नजदीक के ही दोनों वार्डो का प्रभार देनें के निर्देश प्रदान किये गए। वर्षा ऋतु पूर्व नगर के बडे नाले-नालियों की सफाई की जानकारी चाही जाकर आवश्यकतानुसार नगर के अन्य नाले नालियों की सफाई का कार्य त्वरित गति से करानें, वार्डों के वर्षा जल भराव वाले स्थलों की रोजाना मॉनीटरिंग कर पानी निकासी की उचित व्यवस्था करनें, स्वच्छता संसाधनों चूना, फिनाईल गैती फावडा, हॉथ ठेला, झाडू आदि की आवश्यकतानुसार डिमांड प्रस्तुत करने, वार्डों के मुख्य मार्गो के गढ्ढों सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण, पेयजल की पाइपलाईन को क्षतिग्रस्त करनें वालों की सूचना कार्यालय में संबंधित विभाग को देने, सेप्टिक टेंक की सफाई कराने वाले नागरिकों की जानकारी एकत्रित करनें, रहवासियों के तथा नागरिकों की शिकायतों का निराकरण त्वरित गति से कराये जानें के निर्देश प्रदान किये गए। निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा वार्डों की सफाई व्यवस्था का रोजाना प्रातःकालीन निरीक्षण करनें एवं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जाने वाले वार्ड दरोगा अथवा सफाई कर्मचारी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की बात कही।

बारिश के नजर नहीं आ रहे आसार

बाहर धूप, अंदर उमस कर रही परेशान

कटनी। मानसूनी बादलों के रूठने के बाद शहर में मौसम का मिजाज हर दिन बदल रहा है। कभी स्थानीय बादल छा रहे हैं, तो कभी धूप तपा रही है। शनिवार सुबह से ही सूर्यदेव के मिजाज सख्त नजर आ रहे हैं। एक ओर जहां बाहर सूरज की गर्मी परेशान कर रही है तो वहीं दूसरी ओर घरों के भीतर उमस लोगों को हलाकान कर रही है। अगले चार दिनों तक झमाझम बारिश के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इसी तरह शुक्रवार को शहर में सुबह से हल्के बादल मंडराए। इससे पारा नरम बना रहा। दोपहर में बादल कुछ देर छंटे तो धूप खिली। अभी की धूप चुभने वाली है। शाम को हल्के बादल फिर उमड़े। उसके बाद उमस बढ़ने लगी, रात में चिपचिपी गर्मी बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान समान्य से एक डिग्री अधिक 34.2 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आर्द्रता सुबह के समय 70 प्रतिशत और शाम को 47 प्रतिशत थी। दक्षिण-पश्चिम हवा 5-6 किमी प्रतिघंटा की गति से चली।

कोई सिस्टम सक्रिय नहीं

मौसम विभाग के अनुसार शहर और आसपास में अभी कोई मानसूनी सिस्टम सक्रिय नहीं है। ट्रफ लाइन भी शहर और प्रदेश के ऊपर से गुजर नहीं रही है। लोकल डेवलपमेंट से बादल बन रहे हैं। इसके कारण कहीं-कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है। शुक्रवार को सुबह से शाम तक शहर में बारिश दर्ज नहीं हुई है।

जिले में अब तक कुल 162.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

2 जुलाई को जिले में दर्ज की गई निरंक वर्षा

कटनी। जिले में 1 जून से 2 जुलाई 2021 तक 162.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 196.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 2 जुलाई 2021 तक तहसीलवार जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 86.4 मिलीमीटर, रीठी में 109.2, बड़वारा में 174.0, बरही में 338.0, विजयराघवगढ़ में 225.0, बहोरीबंद में 161.1, स्लीमनाबाद में 95.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 113.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे औसतन निरंक वर्षा दर्ज हुई।

10 जुलाई को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

नेशनल एवं युनाईटेड इंश्योरेन्स कंपनी के प्रतिनिधियों की बैठक

कटनी। जिला विधिक सहायता अधिकारी कटनी ने बताया कि शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में बैठक का आयोजन हुआ। 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये इस बैठक में नेशनल एवं युनाईटेड इंश्योरेन्स कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुये। इस बैठक के माध्यम से आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्तागणों के मध्य नेशनल लोक अदालत के लिये समझौता योग्य 30 प्रकरणों में ड्राफ्ट भरवाये गये तथा निराकरण की सहमति बनी। इस बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, समस्त जिला न्यायाधीश एवं बीमा कंपनी के प्रबंधक, आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ता भी उपस्थित रहे।

न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.

क्रमांक/210/प्रवा. वि.अधि./2021 कटनी दिनांक 01/07/2021

द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये)

विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक अमन परवानी पिता श्री रामलाल पारवानी (अविवाहित) उम्र लगभग 23 वर्ष (जन्मतिथि 29.11.1998) निवासी ग्राम इन्द्र गांधी वार्ड नं. 2 गली-2 पिपरिया जिला होशंगाबाद (म.प्र.) एवं आवेदिका सैफली मिश्रा पिता श्री अनिल मिश्रा (अविवाहित) उम्र लगभग 20 वर्ष, (जन्मतिथि 15.10.2000) निवासी वार्ड नं. 9 शिवनगर तहसील रीठी जिला कटनी द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/ रूपये चालान क्रमांक 00702103 दिनांक **14.06.2021** को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र, अंक सूची सहित समक्ष में उपस्थित होकर विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया है। जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पर आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा-5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/ एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक **04.08.2021** को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाषक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला-कटनी (म.प्र.)
आगामी तिथि 04.08.2021

जुलाई में होगी तीज त्योहारों की धूम, बहेगी भक्ति की गंगा

24 को गुरूपूर्णिमा, 25 से शुरू होगा सावन का महीना

कटनी। आषाढ़ माह का प्रारंभ 25 जून शुक्रवार को हो गया है और 24 जुलाई गुरु पूर्णिमा तक रहेगा। इस दौरान प्रमुख तीज त्यौहार भी आएंगे और लोगों को भक्ति भाव के साथ प्रकृति से जुड़ने का मौका भी मिलेगा। इस माह के प्रमुख व्रत और त्योहारों में 5 जुलाई को योगिनी एकादशी का व्रत रखा जाएगा। 7 जुलाई को प्रदोष व्रत, इसी दिन संत नामदेवजी की पुण्यतिथि भी है। 8 जुलाई को शिव चतुर्दशी अर्थात मासिक शिवरात्रि, 9 जुलाई को हलहारिणी अमावस्या है।

यह श्राद्ध, दान पुण्य की अमावस्या है। 11 जुलाई को अषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रारंभ होगा और इसी दिन गुप्त नवरात्रि का भी प्रारंभ होगा, जो 18-19 जुलाई तक चलेगी। 12 जुलाई को भगवान जगदीश की जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जाएगी। 13 जुलाई को विनायकी चतर्दशी व्रत, 16 जुलाई को मां ताप्ती जयंती रहेगी और इसी दिन कर्क संक्रांति भी होगी। 18 जुलाई को गुप्त नवरात्रि पारण दिवस और इसी दिन भड़ली नवमी मनाई जाएगी। 20 जुलाई को हरिशयनी एकादशी से चतुर्मास प्रारंभ हो जाएगा। इसे देवशयनी एकादशी भी कहते हैं। इस दिन से देव सो जाएंगे और सभी तरह के मांगलिक और चार माह के लिए शुभ कार्य बंद हो जाएंगे। 21 जुलाई को प्रदोष व्रत, वामन द्वादशी, वासुदेव द्वादशी रहेगी। 22 जुलाई को विजया पार्वती व्रत और मंगला तेरस, 23 जुलाई को व्रत की पूर्णिमा प्रारंभ होगी। इसी दिन चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य तिलक की जयंती भी है। 24 जुलाई को गुरू पूर्णिमा रहेगी। दूसरे दिन 25 जुलाई से श्रावण माह का कृष्ण पक्ष प्रारंभ होगा। 26 जुलाई को श्रावण माह का प्रथम सोमवार, 27 जुलाई को मंगला गौरी का व्रत इसी दिन गणेश चतुर्थी भी मनाई जाएगी। 28 जुलाई को मौना नाग पंचमी रहेगी एवं 30 जुलाई को शीतला सप्तमी का व्रत रहेगा।

नर्सेस की हड़ताल को कांग्रेस का समर्थन

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने धरनास्थल पहुंचकर कहा- सरकार पूरी करे नर्सों की मांगे

कटनी। विभिन्न मांगों को लेकर नर्सेस एसोसिएशन मध्यप्रदेश के प्रांतव्यापी आव्हान पर जिले में भी नर्सों की अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही है। हड़ताल के चलते जिला चिकित्सालय सहि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाएं पटरी से उतर गई है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई हैं। उधरी दूसरी तरह तरफ जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट ने नर्सेस एसोसियेशन द्वारा जिला चिकित्सालय के बाहर किये जा रहे आंदोलन में उपस्थित होकर कांग्रेस का समर्थन दिया। उनके साथ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सोनी, गिरीश गर्ग एवं पंकज गौतम उपस्थित थे। नर्सेज एसोसियेशन की अध्यक्ष रेश्मा बेगम अंसारी ने बताया कि अन्य राज्यों की तरह म.प्र. राज्य में भी नर्सों को उच्च स्तरीय सेकेण्ड ग्रेड वेतनमान देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, कोरोना काल में कार्य के दौरान शहीद हुई नर्सों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति देने तथा उन्हें राष्ट्रीय करोना योद्धा से सम्मानित करने, कोरोना काल में शासन द्वारा की गई समस्त घोषणाओं पर अमल करने, नर्सों को 2 अग्रिम वेतन वृद्धि का लाभ उनकी सेलरी में दिये, कोरोना काल में अस्थायी रुप से भर्ती की गई नर्सों का नियमित करने तथा स्थायी रुप से कार्यरत सभी नर्सों को एक कार्य का एक वेतन दिये जाने, पदोन्नति दिये जाने, मेल नर्सों की भर्ती किये जाने, स्वशासी पदेन नर्सों को सातवें वेतन आयोग का लाभ वर्ष 2014 से दिये जाने, शासकीय नर्सिंग कॉलेज में अध्ययनरत छात्राओं को कलेक्टर दर से 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिये जाने इत्यादि को लेकर वे अनेकों दिनों से आंदोलन कर रही हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान केवल जुमलेबाजी करते हुए झूठी घोषणाएं करते हैं। नर्सों ने डॉक्टरों के साथ कंधे से कंधा मिलकर करोना संक्रमण काल में अपने प्राणों को संकट में डालकर अपनी सेवाएं दी हैं। उनकी मांगे अविलंब मानी जानी चाहिए। नर्सों को आंदोलन करने में जो असुविधा हुई है, उसके लिए शासन को उनसे क्षमा भी मांगनी चाहिए। आगामी समय में कांग्रेस की सरकार बनने पर नर्सों की मांगों पर प्राथमिकता के आधार पर गंभीरता पूर्वक विचार कर निर्णय लिया जावेगा।

रात 11 से सुबह 6 तक रहेगा रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू

कटनी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए नवीन दिशा निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में अब रात्रिकालीन कोरोना कर्फ्यू रात 10 बजे के स्थान पर रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक रहेगा। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा जारी संशोधित आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

किराये से देना है

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

पत्र क्र./एन.यू.एल.एम/2021-22/1465 कटनी ,दिनांक 26.06.2021

आम सूचना (विज्ञप्ति)

रोजगारोन्मुख निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम

सभी को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत नगर पालिक निगम, कटनी द्वारा रोजगारोन्मुख निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम निकाय के शहरी गरीबों को दिया जाना है । जिसमें 18-35 वर्ष के युवक-युवतियों को विभिन्न सेक्टर जैसे माईनिंग , लॉजिस्टिक, हेल्थ केयर, प्लंबिग के ट्रेड/कोर्स में कौशल प्रशिक्षण के साथ प्रमाणीकरण प्रदान कर उन्नत रोजगार /स्वरोजगार से जोड़ा जावेगा।

योजना का लाभ लेने हेतु पात्रता-

1. निकाय क्षेत्र का निवासी हो ।
2. 18-35 वर्ष के युवक युवतियां।
3. शैक्षणिक योग्यता (न्यूनतम 5वीं पास)
4. आधार कार्ड/बी.पी.एल.राशन कार्ड धारक/अंक सूची/फोटो/बैंक पास बुक।
5. विगत वर्षों में इस योजना का लाभ न लिया हो।

इस प्रशिक्षण में रूचि रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी नगर पालिक, निगम, कटनी की एन.यू.एल.एम. शाखा में पंजीयन करावें। सीमित सीट होने के कारण पहले आवेदन करने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी ।

(सत्येन्द्र सिंह धाकरे)
आयुक्त नगर पालिक निगम, कटनी

कार्यकर्ताओं ने संकट की घड़ी में दिखाया हौसला और धैर्यः शर्मा

कटनी। संकट की घड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिस धैर्य और हिम्मत का परिचय दिया है वह काबिले तारीफ है। कोविड की दूसरी लहर के दौरान जब हमारे विपक्षी सोशल मीडिया तक सिमट कर रह गए थे और सरकार के कामों की निंदा कर रहे थे, तब भाजपा के कार्यकर्ता सेवा ही संगठन को आत्मसात कर लोगों की सेवा में लगे थे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। कटनी प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने स्थानरीय सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कोरोना संकट के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वह हर वक्त इसी तरह सेवा के लिए तत्पर रहें। कार्यकर्ता टीकाकरण अभियान में लोगों जागरूकता लाने के साथ उनकी सहायता करें। साथ ही लोगों को कोविड के संभावित खतरे को लेकर भी लगातार सचेत करते रहें।

कोरोना काल में डॉक्टर्स ने की निस्वार्थ सेवा और कड़ी मेहनत : विष्णुदत्त शर्मा

कटनी। कोरोना काल में डॉक्टर्स ने लोगों की जान बचाने के लिए लगातार कड़ी मेहनत की। इस वैश्विक संकट के दौर में उन्होंने जो काम किया, वह निस्वार्थ सेवा की मिसाल है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को कटनी में डॉक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह में कही। श्री शर्मा ने इस अवसर पर चिकित्सकों का सम्मान भी किया। चिकित्सक सम्मान समारोह में संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कोविड-19 महामारी सारी दुनिया में एक संकट के तौर पर सामने आई। इस काल में डॉक्टरों ने एक बार फिर निस्वार्थ सेवा की भावना दिखाई और असाधारण कड़ी मेहनत की। अस्पताल आने वाले बड़ी संख्या में सामान्य व कोरोना रोगियों की देखभाल के लिए कई डॉक्टरों को 16-16 घंटों तक अस्पताल में रहकर काम करना पड़ा था। इस दौरान डॉक्टर्स और हेल्थ प्रोफेशनल्स ने लोगों के स्वास्थ्य, भलाई और जीवन की सुरक्षा के लिए अविस्मरणीय योगदान दिया। श्री शर्मा ने कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण सहयोग देने वाले डॉक्टरों का प्रशस्तिपत्र व शाल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ, विधायक संदीप जायसवाल, प्रणय पाण्डे, जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने की व्यापारियों के प्रयासों की प्रशंसा

कोविड महामारी के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले व्यापारी बन्धुओं ने जिस धैर्य का परिचय दिया और कोविड से लड़ाई में जो योगदान दिया वह अनुकरणीय है। सरकार व्यापारियों की निरन्तर चिंता कर रही है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को स्थानीय व्यापारियों की वर्चुअल बैठक में कही। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री शर्मा ने कहा कि व्यापारी भाइयों को लाकडाउन के दौरान जिस तरह कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, उससे सरकार भली भांति परिचित है। इसी के चलते प्रदेश में निरन्तर यह कोशिश की जा रही है कि बिना व्यापार प्रभावित हुए कोविड संकट से किस तरह निपटा जाए और इस मुहिम में व्यापारी भाइयों का सहयोग हमेशा ही मिलता रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि कोविड संकट से व्यापार में हुए नुकसान को लेकर चिंता जायज है। वर्चुअल बैठक में शहर के कई व्यापारी भाइयों ने अपनी अपनी समस्याएं रखीं, जिस पर प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने इन समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री शैलेन्द्र बरुआ, विधायक संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशांक श्रीवास्तव, श्रीमती अलका जैन, पीताम्बर टोपनानी आदि उपस्थित थे।

कटनी के वैक्सीनेशन सेंटर में प्रदेश अध्यक्ष ने किया नर्सों का सम्मान

कोरोना संकट के दौरान नर्सों ने जिस सेवा भावना से लोगों की सहायता की है, उनसे भारतीय जनता पार्टी तथा केंद्र और राज्य की सरकारें गौरान्वित हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को कटनी में नर्सों का सम्मान करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा गुरुवार को कटनी के पुराने न्यायालय भवन स्थित कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे और वहां सेवाएं दे रहीं नर्सों का सम्मान किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि नर्स यूं तो हमेशा ही सेवा की मिसाल हैं पर कोविड संकट काल में जब लोग अपने पारिवारिक रिश्ते निभाना भी भूल गए, तब नर्सों ने लोगों की जो सेवा की वह किसी देवदूत से कम नहीं थी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस सेवा भावना के सामने नतमस्तक है। श्री शर्मा ने कहा कि नर्सों ने न सिर्फ कोविड काल में मरीजों की सेवा की बल्कि अब वैक्सीनेशन को लेकर भी वह अपनी अनुकरणीय सेवाएं दे रही हैं। सांसद श्री शर्मा ने यहां सेवाएं दे रहीं नर्सों को पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला चिकित्सालय कटनी का स्टाफतथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहर के विभिन्न स्थलों में सैनेटाईजेशन अभियान

कटनी। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में कोरोना संक्रमण के प्रसार पर पूर्ण रूप से अंकुश लगानें हेतु निगम के सैनेटाईजेशन अमले द्वारा रोजाना कोरोना विनाशक रथों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराईड घोल का छिडकाव किया जाकर नगर के विभिन्न स्थलों में सेनीटाईजेशन कार्य किया जा रहा है। सैनेटाईजेशन प्रभारी अभिषेक बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सैनेटाईजेशन अभियान के तहत पुरैनी स्थित मीराधाम कॉलोनी, राजीव गांधी वार्ड स्थित सत्यनारायण मंदिर के सामनें वाली गली में, रोशन नगर स्थित अरमान पान पैलेस के पास एवं एन.के.जे थाना परिसर में सोडियम हाईपोक्लोराइड के घोल से सैनेटाइजेशन का कार्य किया गया।

अब 7 जुलाई तक रहेगा प्रभावशील

कटनी। जिले में कोरोना संक्रमण की दर में कमी को देखते हुये समय-समय पर कोरोना कर्फ्यू के प्रतिबंधों में शिथिलता के संबंध में आदेश जारी किये गये हैं। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रियंक मिश्रा ने जिले में व्यापक लोकहित के दृष्टिकोण से जनसामान्य के स्वास्थ्य एवं लोक शांति बनाये रखने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किया है। इस आदेश में पूर्व में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में लिये निर्णय अनुसार तथा 26 जून को जारी आदेश में उल्लेखित कंडिकाओं व शर्तों को यथावत् रखा गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा जारी यह आदेश 7 जुलाई तक प्रभावशील रहेगा।

नुक्कड़ नाटक एवं चौपाल का आयोजन

कटनी। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 की गतिविधियों से आमजनों को अवगत कराकर नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखनें में सहयोग प्रदान करनें तथा सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज के तहत सैप्टिक टेंक एवं सीवर की सुरक्षित सफाई करानें की जानकारी से आमजनों को अवगत करानें के उद्देश्य से नगर के विभिन्न वार्डो में रोजाना विभिन्न माध्यमों से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की सहयोगी संस्था द्वारा विगत दिवस चन्द्र शेखर आजाद वार्ड में नुक्कड नाटक एवं वीर सावरकर वार्ड स्थित ओव्हर ब्रिज के नीचे चौपाल का आयोजन किया जाकर सेप्टिक टेंक और सीवर की सुरक्षित सफाई के चार नियमों, नियमित सफाई एवं अनुरक्षण,अधिकतम यंत्रीकरण, निर्धारित नियमों और प्रणाली का पालन एवं सुरक्षा उपकरण की जानकारी से अवगत कराया जाकर सेप्टिक टैंक ओर सीवर का असुरक्षित सफाई होते पाये जानें सूचना टोल फ्री नंबर 14420 पर देनें की अपील की गई। टीम के सदस्यों द्वारा कोरोना महामारी के संक्रमण से बचनें हेतु चेहरे पर मास्क लगानें, आपस में दो गज की दूरी बनाये रखनें तथा अपनें नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में पहुंचकर कोविड - 19 महामारी का टीका लगवाकर संक्रमण के विरूद्ध सुरक्षा कवच प्राप्त करनें की अपील की गई।

सफाई व्यवस्था सहित संक्रमण मुक्ति के रोजाना किये जा रहे प्रयास

कटनी। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयासों सहित रोजना डोर टू डोर कचरे के संग्रहरण का कार्य एवं सैनेटाईजेशन अभियान चलाया जाकर सोडियम हाईपोक्लोराईड के घोल से छिडकाव कर नगर को साफएवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों बाल गंगाधर तिलक वार्ड गली नंबर 2 के सार्वजनिक मार्ग, पन्ना मोड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शंकरगढ पहरूआ, जालपा देवी वार्ड स्थित सेकेन्ड्री प्वाइंट राष्ट्रीय स्कूल मैदान के कचरे का जे.सी.बी मशीन से उठाव का कार्य, मिशन चौक, थाना तिराहा, एम.जी.एम हास्पिटल के मेडिकल वेस्ट के उठाव का कार्य, सिविल लाईन आफीसर्स लाईन के सार्वजनिक मार्ग की सफाई, चौपाटी परिसर में झाडू लगाकर कचरे के उठाव का कार्य, घंटाघर प्वाइंट के कचरे के उठाव, भट्ठा मोहल्ला भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, शास्त्री चौक, फारेस्टर वार्ड के मु य मार्गो, मदन मोहन चौबे वार्ड इंडियन काफी हाउस के आगे रोड किनारे झाडियों की कटाई, विवेकानंद वार्ड स्थित सुलभ का पलेक्स के पास साफसफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। स्वच्छता निरीक्षक की उपस्थिति में नाला गेंग के स्वच्छता दूतों के माध्यम से नगर की सार्वजनिक नालियों की सफाई कार्य के तहत बस स्टेण्ड के विभिन्न स्थलों, महात्मा गांधी वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल के सामनें वाले नाले, बरगवां एल.आई.सी कार्यालय के बाजू स्थित नाले, सी.एल.पी पाठक वार्ड के मु य मार्गो की नालियों की सफाई, कावस जी वार्ड अजीत वंशकार के घर के सामनें स्थित नाली, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में राणा होटल के पास वाले बडे नाले की सफाई का कार्य कराया जाकर अपशिष्ट को बाहर निकाला गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

टीकाकरण केन्द्रो में निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाओं को कराया गया पूर्ण

कटनी। शहरी क्षेत्र में आगामी आदेश तक चिन्हित 17 टीकाकरण केन्द्रों में आयोजित होनें वाले कोविड वैक्सीनेशन (कोविड 19) सत्र में निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं एवं शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ती को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में टीकाकरण केन्द्रों हेतु 10 प्रभारियों एवं 51 सहयोगी कर्मचारियों के दल का गठन किया गया है।

उपायुक्त अशफाक परवेज की मॉनीटरिंग में निगम के गठित दल के प्रभारियों एवं सहयोगी कर्मचारियों द्वारा आज प्रातः सभी टीकाकरण केन्द्रों में निगम से संबंधित आवश्यक साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर, टेंट, शामियाना आदि की आवश्यक व्यवस्थाओं को विभाग के माध्यम से पूर्ण कराया जाकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन,गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्थानीय चिकित्सक एवं वार्ड स्तर पर गठित क्रायसिस मैनेजमेंट समिति से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग लेते हुए प्रातः 10 बजे से टीकाकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया। टीकाकरण सत्र में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कृषि उपज मंडी पहरूआ कटनी, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम कटनी, चांडक हास्पिटल कटनी, सेवा भारती सरस्वती स्कूल, नगर निगम जोन कार्यालय खिरहनी, तिलक कॉलेज कटनी, रेल्वे हॉस्पिटल एन.के.जे एवं रेल्वे स्कूल एन.के.जे कटनी, गुरूनानक स्कूल बरही रोड, पुरानी कचहरी कटनी, श्री हास्पिटल कटनी, रसकला संगीत कॉलेज, ऑर्डिनेंस हास्पिटल कटनी, ए.सी.सी हॉस्पिटल कटनी, झूलेलाल मंदिर माधवनगर कटनी एवं बाबा माधवशाह हास्पिटल माधवनगर तथा सामुदायिक भवन विश्राम बाबा के चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सफाई, पहुंच मार्ग की साफ सफाई एवं चूनें की लाईनिंग, वर्तमान मौसम को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रों में आवश्यकतानुसार कूलर पंखे, टेंट शामियाना आदि की व्यवस्था का कार्य कराया जाकर स्थानीय नागरिकों को टीकाकरण करानें हेतु नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर टीकाकरण करानें की अपील की गई।

जिले के चार उपनिरीक्षक बने निरीक्षक

कटनी। पुलिस मुख्यालय के आदेश से शुक्रवार को जिले के चार उपनिरीक्षक को निरीक्षक के पद में पदोन्नत किया गया है। जिनमें महिला थाने में पदस्थ मंजू शर्मा, कैमोर थाने में पदस्थ अनीता कुड़ापे, बड़वारा थाने में पदस्थ रोहित डोंगरे, विजयराघवगढ़ थाने में पदस्थ राम लाल चौधरी निरीक्षक के पद में पदोन्नत हुए हैं।

418 स्कूलों में पढ़ेंगे गरीब वर्ग के 4 हजार से ज्यादा बच्चे

आरटीई के तहत प्रवेश के लिए 9 जुलाई तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

कोरोना की दूसरी लहर कमजोर पड़ने के बाद सरकार का पूरा फोकस शिक्षण व्यवस्था पर

कटनी। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर कमजोर पड़ने और लॉकडाउन समाप्त होने के बाद अब राज्य सरकार का पूरा फोकस शिक्षण व्यवस्था को पटरी पर लाने का है। यही कारण है कि सरकार स्कूलों को खोलने पर विचार कर रही है और इसके लिए नीति बनाने की कवायद की जा रही है। इसके अलावा नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को एडमीशन दिलाने के लिए प्रवेश प्रक्रिया भी जारी की गई है। जानकारी के मुताबिक आरटीई के तहत जिले के 418 निजी स्कूलों में 4 हजार 152 बच्चों को प्रवेश दिलाया जाएगा। इसके लिए 9 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन जमा किए जा सकते हैं। ऑनलाइन लाटरी 16 जुलाई एवं 26 जुलाई को आवंटित स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक जिले के 418 निजी स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र 2021-22 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पहले 30 जून तक जमा होने थे लेकिन कोरोना संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा तिथि को परिवर्तित करते हुए 9 जुलाई कर दिया गया था। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद 9 जुलाई तक त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इस बार स्कूल शिक्षा विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। इस बार पिछले सत्र के बच्चों का एडमिशन इस सत्र में अगली कक्षा में लिए जाएंगे, वहीं इस बार कोविड बाल कल्याण योजना के तहत आने वाले बच्चों का प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

गौरतलब है कि नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रायवेट स्कूलों तथा केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाता है, जिससे वे भी शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सकें। आरटीई के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्रायवेट स्कूलों में कक्षा 1 में अथवा प्री-स्कूल की शिक्षा से प्रारंभ होने वाले प्रायवेट स्कूलों की प्रवेशित कक्षा में न्यूनतम 25 प्रतिशत सीटों पर वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क प्रवेश देना अनिवार्य किया गया है। शासन द्वारा

राइट टू एजुकेशन : इतने स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

कुल स्कूल	418
नर्सरी	1426
केजी वन	2415
केजी टू	18
कक्षा पहली	293
आरक्षित सीट	4152

राइट टू एजुकेशन में प्रवेश की प्रक्रिया

आनलाइन आवेदन	09 जुलाई
मूल दस्तावेजों से सत्यापन	10 जुलाई
आनलाइन लाटरी	16 जुलाई
आवंटित स्कूल में प्रवेश	26 जुलाई

दस्तावेज

1. वंचित समूह और कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त जन का प्रमाण पत्र।
2. निवास प्रमाणपत्र
3. मतदाता परिचय पत्र
4. राशन कार्ड, पात्रता पर्ची, समग्र पर्ची
5. ग्रामीण क्षेत्र का जॉब कार्ड
6. पासपोर्ट/ड्राइविंग लायसेंस, बिजली बिल, पानी बिल
7. जन्म प्रमाणपत्र

इनका कहना है

जिले के 418 निजी स्कूलों 4152 बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए प्रवेश प्रक्रिया घोषित की गई है। 9 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। स्कूलों में रिक्त सीटों की जानकारी पोर्टल एवं शिक्षा विभाग के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। **-के के डेहरिया, जिला परियोजना समन्वयक**

पिछले साल नहीं हुए थे एडमीशन

बताया जाता है कि कोरोना संक्रमण के चलते पिछले साल सत्र 2020-21 में आरटीई के तहत एडमिशन नहीं हुए थे। इसे देखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र ने इस बार दोगुना एडमिशन करने का निर्णय लिया है। आरटीई के तहत इस साल पिछले साल व इस साल के विद्यार्थियों को भी प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया जुलाई में होगी।

यह रहेगा उम्र का बंधन

आरटीई के तहत प्रवेश के लिए नर्सरी, केजी-1 व केजी-2 के लिए आयु 3 से 5 साल के बीच होना चाहिए। पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आयु 5 से 7 साल होना चाहिए। सत्र 2021-22 के प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र की गणना 16 जून 2021 की स्थिति में की जाएगी। वहीं कोविड-19 के कारण पिछले साल जो बच्चे प्रवेश से वंचित रह गए है, उनकी आयु की गणना 16 जून 2020 की स्थिति से की जाएगी।

पिछले साल के विद्यार्थी अगली कक्षा में पढ़ेंगे

सत्र 2020-21 के लिए आवेदन करने की स्थिति में पिछले साल के विद्यार्थियों को इस बार नोशनल काल्पनिक प्रवेश मिलेगा, यानि प्रवेशित विद्यार्थी वास्तविक रूप से सत्र 2021-22 में प्रवेश की अगली कक्षा में पड़ेगा एवं वास्तविक कक्षा की फीस प्रतिपूर्ति ही संबंधित प्रायवेट स्कूल को भुगतान की जाएगी।

प्रवेश के लिए पात्रता एवं दस्तावेज

वंचित समूह : अजा, अजजा, वनभूमि के पट्टाधारी परिवार, विमुक्त जाति, निःशक्त बच्चे, एचआइवी पीड़ित बच्चे।

कमजोर वर्ग : गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार के बच्चे, अनाथ बच्चे, कोविड-19 से अनाथ हुए बच्चे।

सुविधाएं न के बराबर, फिर भी टैक्स पूरा वसूल रहे

वल्लभनगर में न सड़क बनी और न स्ट्रीट लाइट, एलईडी लाइट भी निकालकर ले गए नगर निगम के अधिकारी

अवैध कॉलोनियों में सुविधाएं देने के मामले में नगर निगम का दोहरा मापदंड

कटनी। शहर से लगी अवैध कॉलोनियों में नगर निगम प्रशासन द्वारा टैक्स तो पूरा वसूला जा रहा है लेकिन सुविधाएं देने के नाम पर कंजूसी की जा रही है। सुविधाओं के अभाव में इन क्षेत्रों के रहवासियों को पिछले काफी समय से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन कॉलोनियों में न तो चलने लायक पक्की सड़क है ओर न ही प्रकाश की उचित व्यवस्था, इसके अलावा इन क्षेत्रों में न तो नियमित रूप से सफाई हो रही है और न ही पेयजल आपूर्ति के लिए कोई प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने नगर निगम के अधिकारियों पर अवैध कॉलोनियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारी इन क्षेत्रों से हर साल लाखों रूपए टैक्स के रूप में वसूल रहे हैं लेकिन इसके बाद भी सुविधाएं न के बराबर है। सुविधाओं के अभाव में इन क्षेत्रों के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला शहर से लगे लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक तीन के अंतर्गत आने वाले वल्लभनगर का सामने आया है, जहां नगर निगम द्वारा पिछले साल अगस्त के महीने मुख्य मार्गों में लगी पुरानी सोडियम लाइट निकालकर नई एलईडी लाइट लगाई थी लेकिन पिछले दिनों लॉकडाउन के समय इन क्षेत्रों में लगी एलईडी लाइट निकाल दी गई, जिससे एक बार फिर यह क्षेत्र में अंधकार में डूब गया है और बरसात के इस मौसम में लोगों की परेशानियां बढ़ गई है।

खंभे लगे लेकिन स्ट्रीट लाइट गायब

नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने के बावजूद शहर के कई क्षेत्र अंधकार से जूझ रहे हैं। बरसात के इस मौसम में सड़कों पर अंधेरा होने की वजह से कई तरह की दुर्घटनाएं हो रही है। क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि नगर निगम द्वारा इन क्षेत्रों में खंभे लगवाए गए थे और क्षेत्र के लोगों की मांग पर इन खंभों में एलईडी लाइट लगाई गई थी जो नगर निगम के अधिकारी वापस निकालकर ले गए। जिसके चलते शाम होते ही पूरे क्षेत्र में अंधकार छा जाता है और इसका फायदा उठाते हुए असामजिक तत्व अनैतिक गतिविधियों को अंजाम देते हैं। वल्लभनगर के नागरिकों ने बताया कि क्षेत्र में विकास के नाम पर रत्ती भर भी काम नहीं हुआ। न तो सड़क बनी और न ही नालियां। वार्ड के पार्षद द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विकास कार्यों के अभाव में क्षेत्र के नागरिकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

असामाजिक तत्वों द्वारा मचाया जा रहा उत्पात

क्षेत्र के निवासी दिलीप कुमार सोनी ने बताया कि वल्लभनगर में शिव सनातन स्कूल के आगे अंधेरा होने का फायदा उठाते हुए सुरा प्रेमियों द्वारा जमकर उत्पात मचाया जाता है, जिससे क्षेत्र के लोग काफी परेशान हैं। ये असामाजिक तत्व शराब के नशे में धुत्त होकर शराब की बोतलें घरों की खिड़कियों पर फेंक देते हैं, जिससे खिड़कियों के कांच टूट रहे है। इन तत्वों की धमाचौकड़ी से क्षेत्र के लोग काफी डरे हुए हैं। इसकी जानकारी जब क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम को दी, तो नगर निगम के विद्युत विभाग ने एलईडी लाइट लगाई थी लेकिन अब वह भी अलग हो गई है। जिससे पूरा क्षेत्र एक बार फिर अंधकार में डूबा हुआ है। क्षेत्र के लोगों ने नगर निगम के प्रशासक एवं कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का ध्यान इस समस्या की ओर दिलाते हुए स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है।

इनका कहना है

वल्लभनगर से एलईडी लाइट निकालने की शिकायत नहीं आई है। यदि ऐसा हुआ है तो पता लगाया जाएगा। अवैध कॉलोनी से टैक्स वसूलने के बाद विकास कार्य नहीं कराए जाने की बात सही नहीं है। समय-समय पर विकास कार्य होते हैं।

सत्येन्द्र कुमार धाकरे, आयुक्त, नगर निगम

कैमोर पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

ग्राम चरी में ठेकाश्रमिक का रक्तरंजित शव मिलने का मामला

हत्या के आरोप में सह ठेकाकर्मी गिरफ्तार

कटनी। कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम चरी स्थित खेत में एक 25 वर्षीय ठेका श्रमिक का रक्तरंजित शव मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ठेका श्रमिक के साथ ही काम करता था तथा शराब खोरी के बाद हुए विवाद पर हत्या कर दी थी। गौरतलब है कि ग्राम चरी में सतना जिले की सीमा से लगे हुए गोकुल चौधरी के खेत में मंगलवार को एक अज्ञात युवक का रक्तरंजित शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने अधिकार में लेकर उसकी शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किए। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई। शव की पहचान बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां निवासी 25 वर्षीय दादू उर्फ मानसिंह पिता अच्छेलाल गौड़ के रूप से की गई। यह भी पता चला कि दादू दो-तीन माह से सतना जिले की भटूरा से भदनपुर तक बन रही 19 किलोमीटर की सड़क में पडरेही मोड़ के पास पुलिया निर्माण के कार्य में मिस्त्री का काम करता था। सड़क निर्माण का ठेका स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सैलारपुर निवासी दिलीप सिंह ठाकुर के द्धारा लिया गया है। बताया जाता है कि दादू के सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से रक्तस्राव हुआ है। मृतक दादू निर्माणाधीन पुलिया के पास बनी हुई टपरिया में ही रहता था और मिस्त्री का काम करता था। परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने का संदेह भी व्यक्त किया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया और पीएम रिपोर्ट आने के बाद अज्ञात आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई। जिसमें पुलिस को सफलता मिल गई और पुलिस ने हत्या के आरोप में दादू के साथ काम करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

दोगुने दामों पर मिल रहे स्टाम्प

स्टाम्प की कमी ने बढ़ाई कालाबाजारी

कटनी। शपथ पत्र बनवाना हो या पावर ऑफ अटॉर्नी, इनके दस्तावेजों के लिए जिले में 50 और 100 रुपए के स्टाम्प की भारी कमी है। लोग स्टाम्प लेने के लिए भटकने को मजबूर हैं। ऐसे में लोगों को कम कीमत के ज्यादा स्टाम्प खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है। वेंडर भी परेशान हैं। उन्हें भी जिला कोषालय से पर्याप्त मात्रा में स्टाम्प नहीं मिल रहे। जिले में रोजाना लाखों रुपए के स्टाम्प की खपत होती है। सूत्रों ने बताया कि जिला कोषालय में फरवरी से स्टाम्प की कमी होने लगी थी। फिर भी कोषालय ने पर्याप्त स्टाम्प का ऑर्डर नासिक स्थित सिक्यूरिटी प्रिंटिंग प्रेस को नहीं भेजा।

200 रुपये में मिल रहा 100 का स्टाम्प

रबर फैक्ट्री रोड निवासी राजन सिंह मांगट ने बताया कि उन्हें तीन दिन पहले 100 रुपये के स्टाम्प पेपर की जरुरत पड़ी। वे कचहरी गए तो पहले तो दो-तीन लोगों ने शॉर्टेज बता दिया। फिर एक स्टाम्प वेंडर द्वारा 200 रुपये में 100 रुपये वाला स्टाम्प पेपर दिया गया। विरोध करने पर कहा कि लेना हो तो लीजिये नहीं तो वैसे भी स्टाम्प की कमी है।

वेंडर्स वसूल रहे मनमाने दाम

कोविड काल में हर कोई आपदा को अवसर में बदल रहा है। वहीं कचहरी परिसर में कई स्टाम्प वेंडरों की मनमानी जारी है। यहां पर जमकर स्टाम्प वेंडरों की कालाबाजारी हो रही है। गतदिवस यशभारत ने स्टिंग आपरेशन किया। यहां पर तीन कारोबारियों ने तो कह दिया कि 100 के स्टाम्प नहीं मिलेंगे, हां बहुत जरूरी है तो व्यवस्था करा देंगे। एक कारोबारी ने कहा कि यदि जरूरत है तो 100 रुपये वाला सीधे डबल में याने की दो सौ रुपये में मिलेगा। इसके बाद कारोबारी ने स्टाम्प की व्यवस्था में जुटा। वहीं 10, 20 और 50 वाले स्टाम्प भी मनमाने दाम पर बिक रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी इस मनमानी पर कोई ध्यान नहीं दे रहे।

ई-स्टाम्प 100 रुपए से ऊपर

नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प 10, 20, 50 और 100 रुपए में आते हैं। इससे ऊपर की कीमत के ई-स्टाम्प की व्यवस्था कुछ साल पहले शुरू की गई थी। इन कीमत के स्टाम्प की कमी अक्सर सामने आती है। लोगों को 50 रुपए के स्टाम्प का काम है तो इसकी कमी की वजह से 10 या 20 रुपए के स्टाम्प खरीदना पड़ता है। इसके लिए उन्हें ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं। इस कीमत के स्टाम्प भी उन्हीं वेंडर्स के पास हैं, जिनके पास पहले से स्टॉक है।

यहां होता है उपयोग

50 रुपए के स्टाम्प का उपयोग शपथ पत्र में होता है। 100 रुपए कीमत का स्टाम्प शपथ पत्र के अलावा पावर ऑफ अटॉर्नी, रजिस्ट्री की नकल की प्रतिलिपि, सर्विस बॉन्ड, गिफ्ट डीड, पार्टनरशिप डीड में इस्तेमाल किया जाता है।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी	जीएनएम पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (साइकेट्री)	बीएससी नर्सिंग पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION

सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

नोटः- एससी/ एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)